>

Title: Need to construct a railway under bridge in Budhni city and stoppage of Bhopal-Pratapgarh Express at Bashouda in Vidisha Parliamentary Constituency.

श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मान्यवर प्रधान मंत्री जी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और हमारी विदिशा की जनता का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं ।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका भी बहुत धन्यवाद करता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा, मध्य प्रदेश के अंतर्गत बुधनी शहर में रेलवे अन्डर ब्रिज की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि वहां दो बड़ी फैक्ट्रियां हैं, जिनमें हजारों कर्मचारी काम करते हैं । इन कर्मचारियों को प्रतिदिन आना-जाना पड़ता है । ये शहर से लम्बी दूरी तय करके आते-जाते हैं । शहर की जनता परेशान है । मेरा आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी से अनुरोध है कि बुधनी में शीघ्र ही अन्डर ब्रिज का निर्माण कराया जाए । साथ ही विदिशा संसदीय क्षेत्र के बासौदा शहर में भोपाल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस का स्टॉप दिया जाए ताकि बासौदा से भोपाल प्रतिदिन आने-जाने वाली जनता को सुविधा हो सके । माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा यही अनुरोध है ।

मान्यवर, प्रधान मंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना' का लाभ मध्य प्रदेश के किसानों को नहीं मिल रहा है, क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार किसानों की सूची केन्द्र सरकार को नहीं भेज रही है । माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से आग्रह है कि मध्य प्रदेश सरकार से शीघ्र सूची मंगायी जाए । जिससे इस योजना का लाभ मध्य प्रदेश के किसानों को शीघ्र मिल सके ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द सिंह चन्देल को श्री रमाकान्त भार्गव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।